तापमान
अधिकतम .26 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 24 दिसंबर 2025
[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

4 एनटीपीसी में बालिका सशक्तिकरण अभियान के शीतकालीन कार्यशाला का शुभारंभ



## खबर संक्षेप



### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** जूटमिल पुलिस ने मंगलवार को पेट्रोलिंग के दौरान अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने कांशीराम चौक पर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को हाथ भट्ठी से बनी महुआ शराब के साथ पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम केशव बंजारे पिता स्वर्गीय सुरेश बंजारे 40 वर्ष, निवासी कांशीराम चौक के पास वार्ड क्रमांक 34 थाना जूटमिल रायगढ़ बताया है। आरोपी के कब्जे से एक प्लास्टिक डिब्बे में 15 लीटर हाथ भट्ठी की बनी महुआ शराब तथा एक प्लास्टिक बोरी के अंदर 180 एमएल क्षमता के 18 नग पन्नी पाउच, जिनमें महुआ शराब भरी हुई थी, आरोपी से कुल 18.240 लीटर शराब कीमती 3650 रूपये बरामद हुआ है। पूछताछ में आरोपी द्वारा अवैध बिक्री के उद्देश्य से शराब परिवहन करना स्वीकार किए जाने पर उसके विरुद्ध थाना जूटमिल में धारा 34-2 एवं 59-क आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

### चोरी की कोशिश नाकाम, एक गिरफ्तार

**राउरकेला।** टांगरपाली थाना क्षेत्र के बिरटेनिया कॉलोनी में बीती मध्यरात्रि चोरी की नीयत से घुसे दो युवकों में से एक को स्थानीय लोगों की सतर्कता से पकड़ लिया गया, जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। यह घटना कॉलोनी निवासी शेखर राव के घर में हुई, जहां दोनों युवक चोरी के इरादे से घुसे थे। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे आरोपियों की पहचान में मदद मिली। स्थानीय लोगों ने एक युवक को मौके पर ही पकड़कर टांगरपाली पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए युवक ने पूछताछ के दौरान खुद को मालगोदाम क्षेत्र का निवासी बताया। उसकी पहचान ढुल्लू मल्हार के रूप में की गई है। वहींए फरार हुए दूसरे युवक की पहचान राजा बड़ाईक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही टांगरपाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पकड़े गए आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार आरोपी की तलाश में जुट गई है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### रहमत नगर में अवैध धंधों से फैल रहा धुआं

**राउरकेला।** शहर के स्टेशन निकट रेलवे की भूमि पर बसे रहमत नगर क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे धंधों के कारण गंभीर प्रदूषण फैलने का मामला सामने आया है। सेक्टर 21 के निकट रेलवे ब्रिज के आसपास से गुजरने वाले लोगों को जहरीले धुएं के कारण सांस लेने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार यहां कबाड़ का काम करने वाले कुछ आवंछित तत्व चोरी का सामान और केबल जलाते हैं, जिससे हर दूसरे दिन घना और जहरीला धुआं फैल जाता है। बताया जा रहा है कि यह गतिविधियां रेलवे की जमीन पर बसे कुछ लोगों द्वारा की जा रही हैं, जिससे आसपास रहने वाले नागरिकों में भारी आक्रोश है। दो दिन पहले कबाड़ और केबल जलाने से उठा घना धुआं घंटों तक आसमान में छाया रहा, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इस गंभीर समस्या की ओर लोगों का ध्यान गया।सूत्र बताते हैं की हर दिन यहां पर केबल व कबाड़ जलाने का अवैध कार्य हो रहा है। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस प्रशासन के साथ साथ आरपीएफ और जीआरपी से ऐसे अवैध धंधेबाजों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो यह प्रदूषण क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

### कभी यहां दर्जनभर गावों के लोग आते थे नहाने, अब गंदगी से पट गया

# 10 सालों से अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा विजयपुर का केंवटामुड़ा तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के विजयपुर वार्ड क्रमांक 47 में महर्षी स्कूल के आगे स्थित केंवटामुड़ा तालाब बीते 10 सालों से अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। कभी यहां दर्जनभर से अधिक गांवों के लोग नहाने आते थे, सुबह से शाम तक तालाब में लोगों भी भीड़ नजर आती थी, लोग पीने के लिए इस तालाब का पानी लेकर जाते थे, लेकिन अब यह तालाब गंदगी, जलकुंभी और झाड़ से पट गया है। नगर निगम क्षेत्र में होने के बावजूद भी शहर सरकार इस तालाब के जीर्णोद्धार के लिए प्रयास नहीं कर रही है।

दरअसल इन क्षेत्रों में नदी नहीं होने से पहले के लोग तालाबों पर ही निर्भर हुआ करते थे। उस समय यह केंवटामुड़ा तालाब लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र हुआ करता था। इस तालाब में बोईरादादर, विजयपुर, गोपालपुर, कोरियादादर, भिखारीमाल, कोतरलिया, पतरापाली सहित दर्जनभर क्षेत्रों के लोग नहाने के लिए आते थे। यहां का पानी इतना साफ था कि लोग उसे पीने के लिए भी लेकर जाते थे। सुबह से शाम तक दर्जनों की संख्या में लोगों की भीड़ लगी रहती थी। गर्मी के दिनों में युवाओं व बच्चों को तालाब में तैराकी व मौज मस्ती करते देखा जाता था, लेकिन अब सब कुछ अतीत बन कर रह गया है। बीते 10 सालों से उपेक्षित विजयपुर का केंवटामुड़ा तालाब अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। गंदगी के कारण तालाब का पानी इतना प्रदूषित हो गया है कि अब वह नहाने लायक नहीं रह गया। जिससे अब लोग तालाब नहाने आने से भी कतराते हैं। वहीं अभी के समय में लोगों के घरों में जन व बोरपंप की सुविधा उपलब्ध हो जाने पर वो इस धरोहर को भूला चुके हैं। इस तालाब की साफ-सफाई, जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण को लेकर क्षेत्र जिम्मेदारों ने अपनी आखें मूंद ली है। देखरेख के अभाव में तालाब के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है।



#### टूट गए पचड़ी, घाट का पता नहीं

स्थानीय लोगों ने बताया कि कभी इस तालाब के चारों तरफ पचड़ी हुआ करते थे। जहां गर्मी के दिनों में लोग पचड़ी में बैठ कर हवा और तालाब के पानी का आनंद लेते थे, लेकिन देखरेख के अभाव में पचड़ी भी टूट गई। अब तो उक्त तालाब में सिर्फ नाम मात्र का घाट है। जो पुराने लोग हैं उन्हें ही पता है कि कहां पर घाट था, वरना नया व्यक्ति तो घाट ढूंढते रह जाता है।

#### मालिक मानने को तैयार नहीं

इस तालाब में शहर सहित आसपास के करीब 10 से अधिक गावों के लोग निस्तारी करने आते थे। बीते 10 सालों से तालाब की हालत दयनीय है। चूंकि यह निजी तालाब है, इसके जीर्णोद्धार के लिए मैनें तालाब के मालिक से कई बार बात की, लेकिन वो मानने को तैयार नहीं है। जिससे इस धरोहर के अस्तित्व पर भी खतरा मंडरा रहा है।

-संतोषी पदुम लाल प्रजा,

#### दर्जनों तालाब खो चुके हैं अपना अस्तित्व

ज्ञात हो कि शहरी क्षेत्र के दर्जनों तालाब अव्यवस्था की भेंट चढ़ कर अपना अस्तित्व खो चुके हैं। कई तालाबों पर तो कब्जा कर भवन निर्माण करा दिया गया है। कुछ तालाब देखरेख के अभाव में सिर्फ सूखे गड्ढे तो दलदल से पटे डबरी बनते जा रहे हैं, लेकिन तालाबों को सहेजने के लिए जिम्मेदार आगे आने से कतरा रहे हैं। ज्ञात हो कि गर्मी के दिनों में लोग राहत पाने के लिए नदी-तालाबों की ओर रुख करते हैं। जिन क्षेत्रों में नदी नहीं वे अपने गांव के तालाब से ही संतुष्ट रहते हैं, लेकिन जब तालाब में न कोई घाट हो, तालाब का पानी प्रदूषित हो, तालाब कचरों से पटा हो तो लोग कैसे उस पानी में नहा सकते हैं।

#### पानी में खुजली की भी शिकायत

स्थानीय लोगों ने बताया कि अब तालाब के पानी में खुजली की शिकायत मिल रही है। अगर उक्त तालाब के पानी में कोई हाथ पैर भी धो ले तो खुजली होने लगती है। यह एक गंभीर विषय है, समय रहते अगर इस ओर ध्यान नहीं दिया तो क्षेत्र के लोगों को बीमारी फैलते देर नहीं लगेगी। कुछ लोगों ने बताया कि तालाब के पानी से काफी तेज दुर्गंध भी आती है। जिससे तालाब किनारे खड़ा रहना मुश्किल हो जाता है। जलकुंभी व झाड़ से पटा तालाब- इस संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि पूरा तालाब जलकुंभी व झाड़ से पटा हुआ है। जिससे पानी में उतरते ही लोग उक्त झाड़ में फंस कर डूब सकते हैं। ऐसे में पानी में घुसना मतलब जान खतरे में डाला है। बीते 10 सालों से इस तालाब की साफ-सफाई नहीं हुई है, जिससे दिन-ब-दिन तालाब की हालत दयनीय होती जा रही है।

### आय से अधिक संपत्ति में जूनियर अकाउंटेंट गिरफ्तार

**सुंदरगढ़।** ओडिशा विजिलेंस ने आय से अधिक संपत्ति डीए मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए ओएससीएससी लिमिटेड सुंदरगढ़ के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कार्यालय में कार्यरत जूनियर अकाउंटेंट रबींद्र कुमार बारिक को गिरफ्तार किया है। उन्हें आज स्पेशल जज, विजिलेंस, बालासोर की अदालत में पेश किया जाएगा। विजिलेंस द्वारा की गई तलाशी और जांच के दौरान रबींद्र कुमार बारिक के पास आय से अधिक संपत्ति पाए जाने के साक्ष्य मिले हैं। जांच में बालासोर शहर में एक बहुमंजिला इमारत, एक मार्केट कॉम्प्लेक्स व जिम तथा एक कल्याण मंडप, बारीपदा शहर में एक भवन, बालासोर शहर व आसपास के क्षेत्रों में चार कीमती प्लॉट, लगभग 175 ग्राम सोना तथा 43.81 लाख रुपए की जमा राशि का खुलासा हुआ है। इन संपत्तियों के संबंध में वे संतोषजनक स्पष्टीकरण देने में असफल रहे।

इस संबंध में ओडिशा विजिलेंस ने रबींद्र कुमार बारिक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत बालासोर विजिलेंस थाना कांड संख्या 19/2025 दर्ज किया है। मामले में आगे की जांच जारी।

## उर्दना बस्ती में मारपीट करने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत उर्दना बस्ती में हुए गंभीर मारपीट मामले में कोतवाली पुलिस ने गैर-जमानतीय धाराओं के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

घटना को लेकर आहत नीरज मिंज पिता मानसिंह मिंज 23 वर्ष निवासी उर्दना बस्ती रायगढ़ ने 21 दिसंबर को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट में बताया कि 21 दिसंबर की रात्रि वह अपने पड़ोसी शिवराज मिंज के साथ बैठकर बातचीत कर रहा था, तभी दीपक चौहान अपने दो साथियों के साथ स्कूटी से वहां पहुंचा, जिसके हाथ में टांगी जैसे धारदार हथियार थे। आरोपियों ने खानपान के लिए पैसे की मांग की और पैसे नहीं होने की बात कहने पर गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपी दीपक चौहान ने अपने हाथ में रखी टांगी से शिवराज मिंज के दाहिने कंधे पर वार कर गंभीर चोट पहुंचाई। शोरगुल सुनकर घरवालों और आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी स्कूटी से फरार हो गए। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली रायगढ़ में अपराध क्रमांक 667/2025 धारा 119(1), 296, 351(2), 115(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा आरोपी दीपक चौहान पिता पिताम्बर चौहान उम्र 21 वर्ष निवासी ढिमरापुर चौक दीनदयाल कॉलोनी रायगढ़ को तलब कर थाना लाया गया।पूछताछ करने पर आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ स्कूटी से उर्दना बस्ती जाकर नीरज मिंज एवं शिवराज मिंज से पैसे मांगने, मना करने पर गाली-गलौच, जान से मारने की धमकी देने तथा टांगी से हमला कर चोट पहुंचाना स्वीकार किया। आरोपी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त एक लोहे की टांगी, जिसमें लकड़ी का बेंट लगा हुआ था, तथा बिना नंबर की स्कूटी को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया।



### बुजुर्ग दंपती व दिव्यांग महिला हुए बेघर

**राउरकेला।** शहर के बसंती कलोनी के ई एल 150 के सामने माल गोदाम बस्ती के एक मकान पर विवाद इतना बढ़ गया की पुलिस ने तहसील व एडडीएम ऑफिस की मदद ली और मकान पर दावेदारी को हिंसक झड़प का हवाला देते हुए एसडीएम के आदेश पर विवादित मकान के इर्द गिर्द धारा 144 जारी करते हुए मकान से बुजुर्ग दंपत्ति कासी मिस्त्री व बताशा देवी तथा दिव्यांग लक्ष्मी देवी को बच्चो के साथ निकाल दिया और मकान पर ताला लगाते हुए इसे सील कर दिया। बुजुर्ग दंपत्ति को मानवता के लिहाज से आश्रय स्थल पर शिफ्ट कर दिया, जबकि सारे सामान के साथ लक्ष्मी घर के बाहर सड़क पर आ गई। सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच उदित नगर थाना प्रभारी के नेतृत्व में पूरी कार्यवाई की गई। पुलिस अधिकारी ने बताया की अब दोनों पक्ष कोर्ट में हक के लिए जा सकते हैं।

## प्रभु यीशु के जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू

### घर-घर कैरोल सिंगिंग कर प्रभु का संदेश पहुंचा रहे मसीही जन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मसीही समाज प्रभु यीशु के जन्मोत्सव को बड़े उमंग और उत्साह के साथ मनाता है। दिसंबर माह में क्रिसमस से संबंधित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यह ईसाई समुदाय के लिए सबसे महत्वपूर्ण दिन है। शहर में क्रिसमस की तैयारियों जोरों पर है। क्रिसमस पूर्व क्रिसमस सेलिब्रेशन को लेकर तैयारियां तेज हो गई है, प्रभु यीशु की झांकी सजाई जा रही हैं। युवा, फादर संग घर-घर जाकर प्रभु यीशु के आगमन के गीत (कैरोल) गाकर क्रिसमस की बधाइयां दे रहे हैं। चर्च के रंग-रोगन के साथ ही आंतरिक सजावट कराई जा रही है। दुकानदारों ने क्रिसमस ट्री, सांता क्लॉज के पुतले व कपड़े, लाइटें, सुनहरी बॉल आदि सजा दिये हैं। खासतौर पर ईसाई समुदाय के लोग घरों को सजाने और त्योहार को खास बनाने के लिए सेंटा क्लॉज, क्रिसमस ट्री, झालर और सजावटी सामान की खरीदारी में जुट गए हैं। लोगों ने घरों पर कार्यक्रम करने के लिये खरीदारी शुरू कर दी है।

#### आज रात होगा मुख्य कार्यक्रम

चर्च से जुड़े लोगों ने बताया कि क्रिसमस का मुख्य कार्यक्रम 24 दिसंबर की रात 11 बजे से शुरू होगा। रात 12 बजे प्रभु यीशु का जन्मदिन मनाया जाएगा। कैरोल सिंगिंग का भी आयोजन होगा, वहीं 25 दिसंबर की सुबह से चर्च में बड़ा कार्यक्रम होता है, जिसमें सभी आयु वर्ग के लोग शामिल होते हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**रायगढ़।** पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। पूरी घटना सराईपाली थाना के ग्राम डारआमा की है। जहां डारआमा निवासी अमरनाथ धनवार (28) पिछले कुछ समय से नव दुर्गा फ्यूल प्राइवेट लिमिटेड में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत था। सोमवार रात करीब 9 बजे वह फैक्ट्री से काम खत्म कर बाइक से अपने गांव लौट रहा था। जब वह गौरीमुड़ी चौक स्थित सब स्टेशन के पास पहुंचा, तभी किसी अज्ञात वाहन के चालक ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अमरनाथ के सिर में गंभीर चोट आई और अधिक खून बहने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई।



पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

एक ऐसा ही मामला पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत देखने को मिला है। जहां ग्राम रनभाठा निवासी नीलसागर यादव (30) सोमवार रात भोजन करने के बाद स्कूटी से कोड़ातराई काम पर जा रहा था। इसी दौरान पुसल्दा मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन ने उसे सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि नीलसागर की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद आरोपी चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

## डालमिया भारत सीमेंट लिमिटेड द्वारा लांजीबेरना में कृषि भूमि नष्ट किए जाने के विरोध में सम्मेलन

**राउरकेला।** गत 13 दिसंबर की मध्यरात्रि को प्रशासन और पुलिस बल की मदद से डालमिया भारत सीमेंट लिमिटेड जैसी एक निजी कंपनी द्वारा स्थानीय लोगों की सहमति के बिना अवैध रूप से लांजीबेरना की कृषि भूमि पर कब्जा कर फसलों को नष्ट किए जाने की घटना से इलाके में दहशत का माहौल बन गया है।

जिला प्रशासन ने पुलिस बल के सहयोग से जिस तरह ग्राम सभा और भूमि मालिकों की सहमति के बिना चना और मसूर की बोई गई फसलों वाली जमीन को नष्ट किया, उसे कॉरपोरेट आतंकवाद और सरकारी प्रायोजित भूमि लूट के समान बताया गया। यह बात राउरकेला सेक्टर-8 स्थित गांगपुर मजदूर मंच कार्यालय में आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन में कही गई। सम्मेलन में कहा गया कि यह घटना व्यक्ति की स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों पर गंभीर हमला है तथा एक आदिवासी मुख्यमंत्री के शासन में आदिवासियों पर हो रहे हमलों और राज्य के प्राकृतिक संसाधनों की लूट का संकेत देती है। विडंबना और दुख की बात यह है कि देश की राष्ट्रपति आदिवासी हैं, राज्य के मुख्यमंत्री भी आदिवासी हैं और सुंदरगढ़ के सांसद आदिवासी कल्याण मंत्री होने के बावजूद आदिवासियों का जल, जंगल और जमीन, जो उनकी जीवन-जीविका का आधार है, सुरक्षित नहीं है। आरोप लगाया गया कि आज सरकार और जिला प्रशासन ओसीएल अथवा वर्तमान डालमिया भारत सीमेंट लिमिटेड ओसीएल डीसीबीएल/ प्राइवेट कंपनी के सामने सिर झुकाए बैठे हैं। इससे अधिक निंदनीय और क्या हो सकता है।




## बड़बंगा मंडी निर्माण कार्य में गुणवत्ता को लेकर उठे सवाल

**सुंदरगढ़।** लेफरीपाड़ा ब्लॉक के सर्गीपाली निकट बड़बंगा क्षेत्र में निर्माणाधीन मंडी के कार्य की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि लाखों रुपये की सरकारी राशि खर्च होने के बावजूद निर्माण कार्य बेहद निम्न स्तर का हो रहा है।

स्थल निरीक्षण में देखा गया कि मंडी की चारदीवारी और आधार दीवारों में निर्धारित माप के अनुसार मिट्टी नहीं भरी गई है। आरसीसी कॉलम और बीम में उचित शटरिंग नहीं की गई हैए बल्कि अस्थायी बांस और लकड़ी के सहारे निर्माण किया जा रहा है। कई स्थानों पर ईंट जोड़ाई और सीमेंट रेत के मिश्रण की गुणवत्ता भी कमजोर पाई गई। स्थानीय लोग चेतावनी दे रहे हैं कि ऐसे घटिया निर्माण से मंडी की दीर्घायु पर प्रश्न उठते हैं और बारिश के मौसम में ढहने का खतरा भी है। आरोप है कि ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों द्वारा पर्याप्त निगरानी न किए जाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे निर्माणों से बचा जा सके।



### पानपोष बाईपास से शनि मंदिर चौक तक सड़क की हालत बदहाल

# गड्ढों में तब्दील सिविल टाउन एरिया की सड़क

**राउरकेला।** शहर के रिहायशी इलाके सिविल टाउन की सड़कें इन दिनों गड्ढों का पर्याय बन चुकी हैं। हालात ऐसे हैं कि वाहन चालकों और राहगीरों को हर कदम पर जान हथेली पर रखकर चलना पड़ रहा है। गड्ढेनुमा सड़कों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैंए लेकिन जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठा है।हनुमान वाटिका से हॉकी चौक तक पानपोष बाईपास रोड की डबल सड़क पर जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे बन गए हैं।

तेज रफ्तार वाहनों के अचानक गड्ढों में फंसने से संतुलन बिगड़ रहा है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। बाईपास रोड चौक से शास्त्री चौक होते हुए शनि मंदिर चौक तक की सड़कों पर दर्जनों गड्ढे मौजूद हैं। वहीं एसटीआई चौक से पानपोष गांधी चौक तक की सड़क पर पचास से अधिक गड्ढे होने से यह मार्ग सबसे ज्यादा खतरनाक बन गया है। कई स्थानों पर सड़कें दब जाने से स्थिति और भी गंभीर हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकतर गड्ढे सिवरेज पाइपलाइन के जंक्शन के कारण बने हैं। कई जगहों पर जंक्शन के ढक्कन के एंगल बाहर निकल आए हैं, जो दोपहिया वाहनों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। गड्ढेनुमा सड़कों पर रोजाना छोटी.बड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं। वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और लोग घायल हो रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद सड़क मरम्मत की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों में राउरकेला नगर निगम आरएमसी की उपेक्षा को लेकर भारी आक्रोश और तनाव है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।



#### शासन प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग

क्षेत्रवासियों ने शासन और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर सिविल टाउन की गड्ढेनुमा सड़कों को दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लगे और नागरिकों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

## खदानों में डूबे लोगों के बचाव के लिए की गई मॉक ड्रील

**सुंदरगढ़।** हेमगीर के कुलड़ा ओसीआर और बसुंधरा क्षेत्र के मिड सम्प में डूबे दो व्यक्तियों के बचाव एवं राहत कार्य के लिए एनडीआरएफ टीम ऑड्राफ ने एक मॉक ड्रिल अभियान आयोजित किया। यह अभ्यास एक सिमुलेटेड आपातकालीन स्थिति में किया गयाए जिसमें दो पंप ऑपरेटरों के डूब जाने की सूचना दी गईएजिसमें एक ऑपरेटर बेहोशी की अवस्था में था और दूसरा लापता बताया गया।

सूचना मिलते ही आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रक्रिया सक्रिय की गई। बचाव दल ने त्वरित और समन्वित कार्रवाई करते हुए दोनों व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर लाकर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। इसके बाद एक व्यक्ति को आगे के इलाज के लिए बसुंधरा अस्पताल भेजा गया। इस मॉक ड्रिल ने प्रभावी समन्वय, समयबद्ध प्रतिक्रिया और त्वरित बचाव की क्षमता का सफल प्रदर्शन किया। एनडीआरएफ टीम और एमसीएल बचाव दल ने संयुक्त रूप से यह अभ्यास किया। बसुंधरा क्षेत्र के उप.प्रबंधक, एमसीएल के महाप्रबंधक एस एंड आर और संबंधित खदानों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।



**खबर संक्षेप**

## मृतक के परिजन को मिली 2 लाख की बीमा राशि



**जशपुरनगर।** जिले के ग्राम छेरडांड, पोस्ट दुलदुला निवासी जीतू राम के पुत्र कीर्तिवास सनमानी की सड़क दुर्घटना में हुई आकस्मिक मृत्यु से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए पीड़ित परिजन प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि के लिए लंबे समय से प्रयास कर रहे थे, लेकिन राशि नहीं मिलने के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इसी क्रम में मृतक के परिजन न्याय और सहायता की उम्मीद लेकर मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया पहुंचे, जहां उन्होंने लिखित आवेदन प्रस्तुत कर बीमा राशि दिलाने की मांग की। आवेदन प्राप्त होते ही मामले की जानकारी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तक पहुंचाई गई।

## मकरीबांधा-सिमड़ा के बीच पुल से नीचे गिरी कार



**जशपुरनगर।** जिले के मकरीबांधा–सिमड़ा मार्ग पर मंगलवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। शाम करीब 4 बजे तेज रफ्तार टाटा पंच कार पुल के पास मोड़ पर अनियंत्रित हो गई और सीधे पुल से नीचे जा गिरी। कार में चार लोग सवार थे। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दो को मामूली चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वाहन की रफ्तार काफी तेज थी। पुल के समीप अचानक मोड़ आने पर चालक संतुलन नहीं बना सका और कार नीचे जा गिरी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने बिना समय गंवाए राहत कार्य शुरू किया। घायलों को कार से बाहर निकाला गया और एंबुलेंस व निजी वाहनों की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। समय पर इलाज मिलने से गंभीर घायलों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

## बाईल पूजाः कृषि और संस्कृति का जीवंत प्रतीक



**जशपुरनगर।** ग्राम बघिमा में परंपरागत श्रद्धा और उल्लास के साथ बाईल पूजा (धान की बलियों की पूजा) का आयोजन किया गया। यह प्राचीन और पवित्र परंपरा सदियों से किसानों के जीवन, खेती-किसानी और पशुधन से गहरे रूप में जुड़ी हुई है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने खेत-खलिहानों में पहुंचकर धान की नई फसल की पूजा-अर्चना की और पशुधन को देवतुल्य मानते हुए उनका सम्मान किया। ग्रामीणों का मानना है कि बाईल के बिना खेती और किसान का जीवन अधूरा है। बैल न केवल खेत जोतने और फसल तैयार करने में किसान का सबसे बड़ा सहायक है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी है। इसी कारण बाईल पूजा के दिन बैलों को स्नान कराकर सजाया जाता है, उनके सींगों पर रंग लगाए जाते हैं और पारंपरिक विधि-विधान से पूजा कर उन्हें गुड़, चारा व विशेष आहार खिलाया जाता है। बाईल पूजा के माध्यम से किसान प्रकृति, पशु और मानव के आपसी संबंध को सम्मान देते हैं। इस पूजा में अच्छी फसल, समय पर वर्षा, परिवार और पशुधन के स्वास्थ्य तथा गांव में सुख-शांति की कामना की जाती है। पूजा के बाद सामूहिक रूप से प्रसाद वितरण किया जाता है और कई स्थानों पर पारंपरिक गीत-संगीत व लोकनृत्य भी आयोजित किए जाते हैं।

### संबंधित अधिकारियों को दिए समयसीमा में निराकरण के निर्देश

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिला कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के शहरी एवं ग्रामीण अंचलों से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं, मांगें एवं शिकायतें कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के समक्ष प्रस्तुत कीं। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार, पारदर्शी एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार को जिला कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन किया जाता है।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य जनता को राहत पहुंचाना और शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास को सुदृढ़ करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण को पूरी गंभीरता से लें, किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनदर्शन के दौरान ग्राम बनसिया निवासी जोगीदास महंत ने बिजली बिल माफ किए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि सामान्यतः उनका मासिक बिजली बिल 50 से 100 रुपए के बीच आता है, किंतु इस माह 4 हजार रुपए से अधिक का बिल आ जाने के कारण वे भुगतान करने में असमर्थ हैं। इस पर कलेक्टर ने ईई, सीएसईबी को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार तहसील तमनार के ग्राम-राबो निवासी जैमल डनसेना धान बिक्री हेतु टोकन जारी करवाने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि एग्रीस्टेक पोर्टल में यूएफआर लंबित होने के कारण सोसायटी द्वारा नया टोकन जारी नहीं किया जा रहा है, जिससे वे अब तक धान बिक्री नहीं कर पाए हैं। कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम को त्वरित कार्रवाई कर किसान को राहत दिलाने के निर्देश दिए। ग्राम उसरौठ निवासी महेत्तर सिंह सारथी ने अपने पिता स्व. बल्दु राम सारथी के निधन के पश्चात वारिसान पंजीयन में अपना नाम दर्ज कराने संबंधी आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि आवेदन देने के बावजूद अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। वहीं तहसील तमनार के ग्राम बासनपाली निवासी योगेश कुमार श्रीवास ने वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत वन अधिकार पट्टा प्रदान किए जाने का आग्रह किया। रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 9 एवं 10 के मोहल्लेवासियों ने फेब्रिकेशन गली के सामने नाली निर्माण कराए जाने हेतु आवेदन सौंपा। इसके अतिरिक्त तहसील धरमजयगढ़ के बायसी कॉलोनी निवासी मुकेश मौर्य ने धरमजयगढ़ नगर पंचायत क्षेत्र में पाइपलाइन विस्तार कार्य के दौरान वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक मापदंडों के विपरीत हुए कार्य एवं फर्जी बिल भुगतान की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। जनदर्शन में इसके अलावा राशन कार्ड, दिव्यांग पेंशन, चिकित्सा सहायता सहित अन्य विषयों से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने सभी आवेदनों का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित, न्यायसंगत एवं प्रभावी निराकरण के स्पष्ट निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# जनगणना 2027 को लेकर जिले में तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ ग्रामों की भौगोलिक सीमा के भू-संदर्भित के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

भारत की जनगणना 2027 दो चरणों में पूर्ण रूप से डिजिटल माध्यम से करायी जानी है। जिसके मद्देनजर जिले में इसकी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। जनगणना कार्य के प्रथम चरण के अंतर्गत नगरों एवं ग्रामों की भौगोलिक सीमा एवं स्थिति को सटीक रूप से भू-संदर्भित करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसी भी बसाहट का क्षेत्र छूटे नहीं और न ही किसी क्षेत्र का दूसरे क्षेत्र से अधिव्यापन हो।

अपर कलेक्टर रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तर पर निदेशालय के जिला नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में गुगल अर्थ पीआरओ के उपयोग संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण भारत सरकार, गृह मंत्रालय, जनगणना कार्य निदेशालय, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शेषा प्रसाद पांडा, जनगणना नोडल अधिकारी, जिला रायगढ़ द्वारा 22 दिसंबर को जिला कार्यालय रायगढ़ के सभाकक्ष में तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि जनगणना कार्य हेतु उपयोग में लाए जाने वाले चार्ज मानचित्र में ग्रामों एवं नगरों की सीमा एवं स्थिति की पूर्ण सटीकता सुनिश्चित करना संबंधित चार्ज अधिकारी की जिम्मेदारी है। इसी कारण चार्ज मानचित्र का प्रमाणन एवं सत्यापन चार्ज अधिकारी द्वारा किया जाना अनिवार्य है। श्री पांडा ने प्रशिक्षण के दौरान जिले की सभी तहसीलों से उपस्थित सभी तहसीलदारों, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं उनके सहयोगी कर्मचारियों को गुगल अर्थ पीआरओ के माध्यम से ग्रामों की भौगोलिक सीमा एवं लोकेशन को सटीक रूप से अंकित करने की प्रक्रिया से अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 7 दिवस के भीतर सभी ग्रामों की भौगोलिक सीमा एवं स्थिति का कार्य पूर्ण कर उन्हें भू-संदर्भित किया जाए, जिससे जनगणना 2027 का कार्य बिना किसी त्रुटि के सुचारू रूप से संपन्न किया जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से अधिकारियों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने पर जोर दिया गया, ताकि आगामी जनगणना में डिजिटल मानचित्रण की प्रक्रिया पारदर्शी, सटीक एवं प्रभावी ढंग से क्रियान्वित की जा सके।

# उत्तम इंटरनेशनल स्कूल का दो दिवसीय उत्तम स्पोर्ट्स मीट प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



उत्तम इंटरनेशनल स्कूल पटेलपाली के प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय उत्तम स्पोर्ट्स मीट प्रतियोगिता अत्यंत उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता का आयोजन विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि सूबेदार मुकेश सिंह, 28 वीं बटालियन रायगढ़, जितेंद्र बघेल 28 वीं बटालियन रायगढ़, बृजेश गुप्ता जिला पंचायत सदस्य जिला रायगढ़, श्रीमती भाग्यवती नायक जिला पंचायत सदस्य जिला रायगढ़, डोलनारायण नायक, गौतम गुप्ता, चेयरमैन गौतम चौधरी, डायरेक्टर संजय चौधरी, डॉ. गोमती सिंह प्राचार्य उत्तम मेमोरियल कॉलेज, प्राचार्या श्रीमती रश्मि रेखा साहनी उत्तम इंटरनेशनल स्कूल, सुश्री नम्रता जलक्षत्री प्रभारी प्राचार्या अनंत कॉलेज रायगढ़ की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। खेल शिक्षक सोमेश साहू द्वारा मशाल रैली एवं खिलाड़ियों की मार्च पास्ट के साथ किया गया। उद्घाटन के अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दीं। खेल प्रतियोगिताओं में कक्षा नर्सरी से कक्षा सातवीं वर्ग तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

दो दिनों तक आयोजित इस खेल महोत्सव में मैथ्स रेस, सैक रेस, फ्रॉग रेस, 100 मीटर, लंबी कूद, ऊँची कूद, गोला फेंक, रिले रेस, कबड्डी, खो खो, रस्साकशी सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ संपन्न कराई गईं। विद्यार्थियों ने खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि अरुण कातोरे आयुक्त स्काउट्स एंड गाइड्स जिला रायगढ़, कार्यक्रम अध्यक्ष अजय कुमार सिन्हा, संकुल प्रभारी एवं प्राचार्य पीएम स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल कोड़ातराई, विशिष्ट अतिथि जितेंद्र सिंह बिसेन शाला समिति अध्यक्ष रायगढ़ एवं उपाध्यक्ष लक्ष्य सेवा समिति रायगढ़, राजेश प्रसाद उपाध्यक्ष लक्ष्य सेवा समिति रायगढ़, गौतम चौधरी संचालक उत्तम इंटरनेशनल स्कूल पटेलपाली, संजय चौधरी डायरेक्टर उत्तम इंटरनेशनल स्कूल, योगेश शर्मा सेजेस स्कूल कोड़ातराई, डॉ. गोमती सिंह प्राचार्य उत्तम मेमोरियल कॉलेज एवं श्रीमती रश्मि रेखा साहनी प्राचार्य उत्तम इंटरनेशनल स्कूल की उपस्थिति रही। समापन समारोह में विद्यार्थियों द्वारा योग प्रदर्शन एवं सुआ नृत्य का प्रदर्शन किया। अतिथियों एवं उत्तम इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ हाउस के रूप में प्रतिष्ठा हाउस को ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सहयोग की भावना विकसित करती हैं, जो उनके जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्राचार्या ने अपने उद्बोधन में आगामी उत्तम स्पोर्ट्स मीट 2026, 18. 19 नवंबर 2026 को होने की घोषणा की स अंत में विक्ट्री रैली का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के खेल शिक्षक रजनीश कुमार सिंह, सोमेश साहू एवं समस्त शिक्षकगणों ने निर्णायक एवं मार्गदर्शक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विद्यालय प्रबंधन समिति, उत्तम मेमोरियल कॉलेज के सदस्य, शिक्षकगण, अभिभावकगण, रासेयो स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों का उल्लेखनीय सहयोग रहा। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्या श्रीमती रश्मि रेखा साहनी द्वारा किया गया।

## हेलमेट व सीट बेल्ट के बिना गाड़ी चलाने वालों पर करें कार्रवाईः कलेक्टर

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक ली और बिना हेलमेट और सीटबेल्ट के गाड़ी चलाने वालों पर चालान काटने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर एसएसपी शशि मोहन सिंह भी उपस्थित थे।कलेक्टर ने कहा की सभी स्कूल के 100 मीटर के दायरे में कोई भी मादक पदार्थ विक्रय करते पाए जाते हैं तो संबंधित व्यक्तियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# किसान 31 तक करा सकेंगे उद्यानिकी फसलों का बीमा

**रायगढ़।** उद्यानिकी फसल उत्पादक किसानों के लिए शासन की अधिसूचना के साथ वर्ष 2025-26 के लिए पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना राज्य में लागू कर दी गई है।

इस योजना के अंतर्गत रबी मौसम की प्रमुख उद्यानिकी फसलें टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, आलू एवं प्याज को शामिल किया गया है। रायगढ़ जिले के इच्छुक ऋणी एवं अऋणी किसान 31 दिसम्बर तक लोक सेवा केंद्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति अथवा एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधियों से संपर्क कर अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। बीमा कंपनी के जिला स्तरीय प्रतिनिधि संजीव कुमार साहू, मोबा. नंबर 7489601443 से भी किसान सीधे संपर्क कर सकते हैं। सहायक संचालक उद्यान रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना में शामिल होने के लिए अऋणी कृषकों भूधारक एवं बटाईदार को घोषणा पत्र के साथ फसल बुआई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज जमा करना होगा। चयनित उद्यानिकी फसलों के बीमा के लिए किसानों को निर्धारित बीमित राशि का केवल 5 प्रतिशत प्रीमियम देना होगा, जबकि शेष राशि राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा वहन की जाएगी। उन्होंने बताया कि जो ऋणी किसान योजना में शामिल नहीं होना चाहते हैं, उन्हें बीमा आवेदन की अंतिम तिथि से सात दिवस पूर्व संबंधित बैंक में हस्ताक्षरित घोषणा पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।

# 13 लाख की लूट का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



सिटी कोतवाली जशपुर क्षेत्रांतर्गत नेशनल हाईवे-43 के बालाछापर इलाके में ट्रक ड्राइवर से हुई 13 लाख रुपये की सनसनीखेज लूट का जशपुर पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को झारखंड के गढ़वा जिले से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। वहीं, घटना में शामिल अन्य फरार आरोपियों की पहचान कर ली गई है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

मामला 2 दिसंबर 2025 का है। पत्थलगांव के व्यापारी का ट्रक ड्राइवर रांची से माल खाली कर 13 लाख रुपये नगद लेकर पत्थलगांव लौट रहा था। इसी दौरान बालाछापर के पास सुबह करीब 06 बजे, लघुशंका के लिए ट्रक रोकने पर चार अज्ञात बदमाशों ने ड्राइवर के साथ मारपीट कर ट्रक के केबिन से नगदी लूट ली और अल्टो कार से फरार हो गए। ड्राइवर की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली जशपुर में बीएनएस की धारा 309(6), 351(1) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामला लाखों की लूट से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने तुरंत घटनास्थल का निरीक्षण किया, सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया।

### अन्य आरोपियों की तलाश जारी

पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में शामिल अन्य फरार आरोपियों की पहचान कर ली है। उनकी पता-साजी और गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

### शीघ्र होगी गिरफ्तारी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि बालाछापर में ट्रक से हुई 13 लाख की लूट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी शीघ्र की जाएगी।

# वर्ष 2026 के कार्यकाल के लिए जेसीआई रायगढ़ सिटी का शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शहर की जानी-मानी संस्था जेसीआई रायगढ़ सिटी का भव्य एवं गरिमा पूर्ण शपथ ग्रहण समारोह 21 दिसंबर होटल अंश इंटरनेशनल में संपन्न हुआ। संस्था के सभी सदस्यों, पास्ट प्रेसिडेंट गैलेक्सी , मुख्य अतिथि जेवीपी जेसी एचजीएफ अंकित तमकोरिया जी,चीफ गेस्ट एवं इंस्टालेशन ऑफिसर जेपी जेएफपी सीए प्रणव लाट जी, शहर के गणमान्य नागरिकों, वरिष्ठ पत्रकारों की गरिमामय उपस्थिति में भव्य रूप से संपन्न हुआ।

समारोह की शुरुआत में विशिष्ट अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों का स्वागत करते हुए दीप प्रज्वलन किया गया। उसके पश्चात संस्था के पूर्व अध्यक्ष जेएफएस आकाश अग्रवाल ने वर्ष 2025 के अपने अध्यक्षीय कार्यकाल का पूर्ण ब्यौरा सबके समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने कार्यकाल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को पुरस्कृत भी किया। मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि ने अपने उद्बोधन में जेसीआई रायगढ़ सिटी द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने बताया कि जेसीआई एक वैश्विक संस्था है।

इसके द्वारा अनेक समाज उपयोगी एवं पर्सनैलिटी डेवलपमेंट से संबंधित कार्यक्रम पूरे विश्व भर में आयोजित किए जा रहे हैं। संस्था का प्रमुख उद्देश्य मानव का विकास करना है, क्योंकि मानव का विकास होने से समाज एवं विश्व का अपने आप विकास होगा ऐसा संस्था हमेशा से मानती रही है। इसके पश्चात उन्होंने वर्ष 2026 के लिए नए अध्यक्ष जेसी सीए गुलशन अग्रवाल एवं उनकी कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। वर्ष 2026 के कार्यकाल के लिए गठित नयी कार्यकारिणी का विवरण निम्न है। अध्यक्ष जेसी गुलशन अग्रवाल, सेक्रेटरी जेसी वेदांत बेरीवाल, ट्रेजरार जेसी सीए शुभम बंदियों, जॉइंट सेक्रेटरी जेसी सीए अमन अग्रवाल, वीपी मैनेजमेंट जेसी सुमित बट्टीमार, डायरेक्टर मैनेजमेंट जेसी शिवम गोयल, बीपी बिजनेस सक्षम सिंघल, डायरेक्टर बिजनेस जेसी शुभम गोयल, वीपी ट्रेनिंग जेसी सुमित मित्तल, डायरेक्टर ट्रेनिंग जेसी सौभाग्य सावड़िया, बीपी ग्रोथ एंड डेवलपमेंट जेसी अनुज बीर्मीवाल, डायरेक्टर जेसी सुदीप केडिया, बीपी कम्युनिटी डेवलपमेंट जेसी श्लोक चौधरी, डायरेक्टर कम्युनिटी डेवलपमेंट जेसी आदित्य अग्रवाल, वीपी पी.आर. मार्केटिंग जेसी सुमन दत्ता, प्रोजेक्ट स्वास्थम डायरेक्टर जेसी सीए अमन मित्तल, कोऑर्डिनेटर मुक्तिधाम जेसी विकास सिंगल, डायरेक्टर जेसीआई चौक कुशल जिंदल, डायरेक्टर ग्रीन जेसी सुनील अग्रवाल, ग्रेटर जेसी अमन अग्रवाल आरटीओ। इसके पश्चात 2026 के अध्यक्ष जेसी गुलशन अग्रवाल ने नए सदस्यों को भी शपथ दिलाई। संस्था की ओर से इस कार्यक्रम के प्रोग्राम डायरेक्टर जेसी सुमित मित्तल थे। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से संस्था के पीआरओ जेसी सुमन दत्ता ने दी।

### देसी संसाधनों से तैयार अमृत बना सफलता की कुंजी

# प्राकृतिक खेती की मिसाल बने छर्राटांगर के किसान तुलसी राम मांझी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



प्राकृतिक खेती की एक प्रेरणादायक मिसाल बन चुके हैं किसान तुलसीराम मांझी, भले ही उन्होंने केवल तीसरी कक्षा तक ही पढ़ाई की हो, लेकिन खेती को लेकर उनकी समझ, नवाचार और अनुभव किसी विशेषज्ञ से कम नहीं है। रासायनिक खेती को छोड़कर प्राकृतिक खेती की ओर उनका कदम आज उन्हें बेहतर उत्पादन, कम लागत और अधिक आय दिला रहा है।

प्राकृतिक खेती के प्रति उनके समर्पण और मेहनत ने शानदार परिणाम दिए हैं। प्रति एकड़ लगभग 8 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हुआ। वहीं उनके खेत की मिट्टी में ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा 0.20 से बढ़कर 0.75 तक पहुंच गई, जो भूमि के उपजाऊ होने का स्पष्ट प्रमाण है। प्राकृतिक खेती से उनकी कुल लागत मात्र 4 हजार रुपए प्रति एकड़ आई, जबकि शुद्ध आय बढ़कर 48 हजार रुपए प्रति एकड़ तक पहुंच गई। रायगढ़ जिले के घरघोड़ा विकासखंड के छोटे से गांव छर्राटांगर में रहने वाले किसान तुलसी राम मांझी वर्ष 2023 से पहले तक पारंपरिक और आधुनिक चलन के अनुसार रासायनिक खेती करते थे, लेकिन बढ़ती लागत और मिट्टी की सेहत को देखते हुए उन्होंने एक बड़ा निर्णय लिया और प्राकृतिक खेती अपनाने का संकल्प लिया। इस दिशा में केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग ने उन्हें सहयोग प्रदान किया। कृषि विभाग, जिला रायगढ़ द्वारा उन्हें प्राकृतिक खेती की बारीकियों का प्रशिक्षण और मार्गदर्शन मिला, जिससे उनका आत्मविश्वास और मजबूत हुआ। तुलसी राम मांझी के पास दो गाए हैं, जो उनकी प्राकृतिक खेती की सबसे बड़ी ताकत हैं। वे मूंगफली, साग-सब्जी के साथ-साथ आम की खेती भी करते हैं। रासायनिक खाद और कीटनाशकों को पूरी तरह त्याग कर उन्होंने घर पर ही बीजामृत, जीवामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, छाछ, बायो-कल्चर और हरी खाद जैसे प्राकृतिक इनपुट तैयार किए।

पौधों के पोषण और भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए वे नियमित रूप से बीजामृत और जीवामृत का उपयोग करते हैं। हरी खाद के लिए तिल और मूंग की फसल उगाते हैं तथा गोबर और गौमूत्र से बने कम्पोस्ट का प्रयोग करते हैं। फसल चक्र अपनाकर वे मिट्टी की सेहत बनाए रखते हैं। कीट एवं रोग नियंत्रण के लिए वे जहरीले रसायनों की बजाय नीम की निम्बोली से तैयार अर्क, आग्नेयास्त्र और विभिन्न प्राकृतिक ट्रैप क्रॉप्स का उपयोग करते हैं। तुलसी राम मांझी की यह सफलता यह साबित करती है कि यदि वैज्ञानिक तरीके से प्राकृतिक खेती की जाए, तो न केवल जहरमुक्त और स्वास्थ्यवर्धक भोजन प्राप्त किया जा सकता है, बल्कि किसानों की आमदनी भी कई गुना बढ़ाई जा सकती है। उनकी यह पहल आज अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन रही है और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ते कदमों को नई दिशा दे रही है।

## व्यवसाय स्थापित करने ऋण ले सकेंगे हितग्राही

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजनातर्गत व्यवसाय स्थापित करने हेतु अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र हितग्राहियों को ऋण लेने पर 50 प्रतिशत या अधिकतम 50 हजार रूपए तक जो भी कम हो अनुदान राशि प्रदान किया जाएगा। जिला अंत्यावसायी सहाकारी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2025-26 हेतु अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र हितग्राहियों जो कि अपना व्यवसाय स्थापित करने हेतु ऋण लेने के इच्छुक हैं, जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष हो एवं वार्षिक आय 02 लाख 50 हजार हो ऐसे इच्छुक व्यक्ति को बैंक के माध्यम से न्यूनतम ऋण राशि 01 लाख रूपये पर रूपये 50 हजार या ऋण राशि का 50 प्रतिशत जो भी कम हो अनुदान स्वरूप प्रदाय किया जावेगा।

## खबर संक्षेप



### ग्राम पंचायत टाकर में हुआ हिन्दू समागम कार्यक्रम

**प्रेमनगर।** विकास खंड प्रेमनगर के जनजाति बाहुल्य क्षेत्र ग्राम पंचायत टाकर में हिन्दू समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर विभिन्न प्रकार के उत्सव हो रहे हैं इसी तारतम्य में हिन्दू समागम का सम्मेलन प्रेमनगर के वनांचल क्षेत्र के ग्राम पंचायत टाकर के द्वारा हिन्दू समागम का कार्यक्रम आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भारत माता के छाया चित्र में दीप प्रज्वलित कर तथा ग्राम के बैगा पुजारी द्वारा गुड़ी, देवालय में पूजा अर्चना पश्चात मुख्य अतिथि मनोज जायसवाल, अरुण कुमार, सरपंच सुरज सिंह, विजय साहू, बबलू साहू द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। गांव की बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम श्लोक, कविता आदि का पाठ किया किया गया। मातृ शक्ति जनप्रतिनिधि पंच श्रीमती लिलावती, उपसरपंच प्रतिनिधि देवराम द्वारा हिन्दू समाज के जागरण के लिए आह्वान किया। मुख्य अतिथि मनोज जायसवाल ने कहा कि जनजाति समाज ही हिन्दू समाज की मुख्य धरोहर है। जहां हमारी संस्कृति और संस्कारों का आज पर्यन्त पालन होता है। संघ भी इसी दृढता के साथ राष्ट्र के निर्माण में पंच परिवर्तन के क्रियान्वयन से देश के नवनिर्माण में समाज के परिवर्तन से देश के परिवर्तन संकल्पना, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण नागरिक, नागरिक कर्तव्य बोध क्षेत्रीय भाषा में लोगों के बीच में अपनी विचारों से समझाते है। कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विजय साहू, मोहर लाल, प्रताप सिंह, दिलीप कुमार, कमलेश, अहिबरन, मथुरा प्रसाद, रामधनी यादव, संजय, महेश राम, बाबुलाल, सुरेश बंजारा, जय यादव सहित बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत के लोग मौजूद रहे।

### नूतन विश्वास बनी भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष

**सोनगरा।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने की दिशा में अहम निर्णय लेते हुए नूतन विश्वास को भाजपा



महिला मोर्चा सूरजपुर की जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इससे पहले वह दो बार महिला मोर्चा जिला मंत्री का भी दायित्व निभा चुकी है। अब तक जिला महामंत्री के रूप में संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहीं नूतन विश्वास पर पार्टी नेतृत्व ने भरोसा जताते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। उनकी नियुक्ति के बाद पूरे सूरजपुर जिले में भाजपा महिला कार्यकर्ताओं में उत्साह है। पार्टी कार्यकर्ताओं का मानना है कि नूतन विश्वास के नेतृत्व में महिला मोर्चा को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि महिला मोर्चा के माध्यम से महिलाओं को संगठन से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर, जागरूक और सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जाएगा। पार्टी नेतृत्व ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर खरा उतरने की प्रयास करूंगी।

### कसलगिरि के पास 52 बोरी अवैध धान से भरा पिकअप जब्त



**बिश्रामपुर।** जिले में धान खरीदी को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन में प्रशासन लगातार सख्त कदम उठा रहा है,इसी कड़ी में प्रशासन ने एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए गत दिनों ग्राम कसलगिरि के पास अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए एक पिकअप वाहन को धर दबोचा,मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची टीम ने जब पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 15 ए 4002 की जांच की, तो उसमें 52 बोरियां अवैध धान लदी हुई पाई गईं,वाहन चालक से वैध दस्तावेजों की मांग की गई, लेकिन वह धान से संबंधित कोई भी अधिकृत कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका,प्रशासनिक अमले ने धान से भरे वाहन को मौके पर ही जब्त कर लिया, जब्त किए गए धान और वाहन को विधिवत सुपुर्दगी में लेकर लटोरी पुलिस के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां प्रकरण दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### लावारिस हालत में भर्ती ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** लावारिस हालत में भर्ती ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक 19 दिसंबर को दिनेश आ. पण्डो राम (25 वर्ष) को प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास से अचेत हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के साथ परिजन के नहीं होने पर पुलिस ने जब मृतक का पता लगाया तो पता चला कि मृतक लुण्ड्रा थाना अंतर्गत ग्राम बकना कला निवासी है। पुलिस ने कोटवार के माध्यम से परिजन को घटना की सूचना दी और शव का पीएम कराकर परिजन के सुपुर्द किया। बताया जा रहा है कि मृतक अगस्त माह में शहर में मजदूरी करने आया था जिसके बाद वापस घर नहीं गया था।

## पिछले साल बिक रहा था 15-20 रूपए किलो

# आवक कम होने से आसमान पर टमाटर की कीमतें, बिक रहा 60 रूपए किलो

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में पड़ रही कड़ाके की ठंड का असर सब्जियों के उत्पादन पर पड़ना शुरू हो गया है। पड़ोसी राज्यों में मांग बढ़ने एवं स्थानीय मंडी में आवक कम होने के कारण इस बार टमाटर की कीमतें आसमान पर पहुंच गई है। पिछले साल की तुलना में इस बार 5 गुना अधिक दर पर टमाटर बिक रहा है।

**खास बातें**

- पड़ोसी राज्यों की मांग बरकरार
- कड़ाके की ठंड से उपज में आई कमी

मध्य नवम्बर के बाद से ही सरगुजा में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। लम्बे समय तक शीतलहर के प्रकोप के साथ घने कोहरे से सब्जियों के उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। विपरीत मौसम के बावजूद सब्जी की कुछ किस्मों का उत्पादन बढ़ा है जबकि कुछ में कमी आई है। कड़ाके की ठंड के कारण टमाटर की उपज प्रभावित हुई है। टमाटर की ऊंची कीमतों को देख बड़ी संख्या में किसानों ने नई फसल भी लगाई है लेकिन अभी तक इसका असर कीमतों पर नहीं पड़ा है। थोक मंडी में आवक कम होने के कारण टमाटर 38 रूपए किलो एवं खुदरा में 50-60 रूपए किलो बिक रहा है। थोक सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि पड़ोसी राज्य यूपी, बिहार एवं उड़ीसा में टमाटर की मांग तेज होने एवं अधिक कीमत मिलने के कारण अधिकांश किसान अपने खेत से ही बाहरी व्यापारियों को अपनी उपज बेज रहे है। स्थानीय उपज बाजार में आने के कारण अब यूपी की मांग खत्म हो गई है लेकिन बिहार एवं उड़ीसा में स्थानीय टमाटर की मांग बढ़ गई है। पड़ोसी राज्यों में मांग बढ़ने के कारण थोक मंडी में आवक कम हो गई है।

व्यवसायी एक सप्ताह बाद पड़ोसी राज्यों की मांग कम होने एवं नई फसल की उपज आते ही कीमतों में गिरावट होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। कीमतें अधिक होने के कारण टमाटर सामान्य लोगों की पहुंच से बाहर हो गया है।



### पिछले साल बिका था 10 रूपए

पिछले साल इसी अवधि में टमाटर थोक में 10 रूपए एवं खुदरा में 15-20 रूपए किलो की दर से बिका था। पिछले साल पड़ोसी राज्यों में टमाटर की मांग कम होने के कारण दिसम्बर के प्रारम्भ में थोक में टमाटर 29 रूपए एवं खुदरा 40 रूपए किलो की दर से बिका था। मध्य दिसम्बर में आवक बढ़ने पर थोक में कीमतें गिरकर 10 रूपए एवं खुदरा में 20 रूपए पहुंच गई थी। दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में टमाटर खुदरा में 10-15 रूपए की दर से बिका था। इस बार पड़ोसी राज्यों में स्थानीय उपज नहीं आने के कारण मांग अभी भी बरकरार है जिसका असर कीमतों पर पड़ा है। व्यवसाइयों का कहना है कि पड़ोसी राज्यों की मांग कम होते ही कीमतें कम हो जाएगी। एक सप्ताह बाद नई फसल की उपज की आवक होते ही कीमतों में कमी आने लगेगी।

### 5 हजार एकड़ में खेती

सरगुजा में बड़े पैमाने पर टमाटर की खेती होती है। अब हर क्षेत्र के किसान टमाटर की खेती कर रहे हैं लेकिन विकासखण्ड लुण्ड्रा, बतौली एवं सूरजपुर जिलान्तर्गत ग्राम पंचायत अजिरमा के आसपास के गांवों के किसान बड़े पैमाने पर टमाटर की खेती कर रहे हैं। थोक व्यवसाई सरगुजा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 5 हजार एकड़ में टमाटर की खेती होने का अनुमान लगा रहे हैं। पड़ोसी राज्यों में स्थानीय टमाटर की मांग नहीं होने पर कई बार मंडी में आवक इतनी अधिक बढ़ जाती है थोक में कीमत 2-3 रूपए किलो तक पहुंच जाती है। वर्तमान में आवक बढ़ने के कारण सेम, पत्ता गोभी, मटर, आलू, लौकी आदि की कीमतों में कमी आई है। जबकि टमाटर की कीमत प्रारंभ से ही स्थिर है।

### गिरेगी कीमतें

एक सप्ताह बाद नई फसल की आवक होते ही टमाटर की कीमत में कमी आएगी। एक सप्ताह में पड़ोसी राज्यों की मांग भी कम हो जाएगी। आवक बढ़ने से अन्य सब्जियों की कीमतें कम हुई है।

-काशी प्रसाद केशरी
अध्यक्ष, थोक सब्जी विक्रेता संघ

## रामानुजगंज में साइबेरियन डक की आमद से पक्षी प्रेमियों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



विगत कुछ वर्षों से ठंड के मौसम में कनहर नदी क्षेत्र रामानुजगंज के लिए एक विशेष आकर्षण बनता जा रहा है। हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी साइबेरियन डक का एक जोड़ा नगर क्षेत्र में पहुंचा है। लगभग पंद्रह दिन पूर्व यह दुर्लभ प्रवासी पक्षी कनहर नदी के अन्य तट क्षेत्र के समीप देखा गया, जिसके बाद से स्थानीय नागरिकों एवं पक्षी प्रेमियों में विशेष उत्साह का माहौल है। यह साइबेरियन डक का जोड़ा प्रायः कनहर नदी के बीचो-बीच स्थित टापू पर, राम मंदिर घाट के सामने, सुबह और शाम के समय दिखाई देता है।

शांत वातावरण, स्वच्छ जल और पर्याप्त भोजन की उपलब्धता इस क्षेत्र को इन प्रवासी पक्षियों के लिए अनुकूल बनाती है। बताया जा रहा है कि साइबेरिया जैसे अत्यधिक ठंडे क्षेत्रों से हजारों किलोमीटर की यात्रा तय कर ये पक्षी भारत के अपेक्षाकृत गर्म इलाकों में आते हैं। स्थानीय पक्षी प्रेमियों और प्रकृति प्रेमियों का मानना है कि यह जोड़ा लगातार कई वर्षों से इसी क्षेत्र में आता रहा है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि कनहर नदी का पारिस्थितिक संतुलन अभी भी सुरक्षित है। कई लोग दूरबीन और कैमरे लेकर इन पक्षियों को देखने पहुंच रहे हैं, वहीं बच्चे और युवा वर्ग भी इनके बारे में जानने में रुचि दिखा रहे हैं। नगर वासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इन प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा के लिए विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि शिकार या किसी प्रकार की अव्यवस्था से उन्हें नुकसान न पहुंचे।




## आंदोलनकारियों ने कराया मुण्डन नारेबाजी कर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

डेढ़ दर्जन विद्युत विहीन गांवों में विद्युत विस्तार की मांग लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन आंदोलन 8वें दिन भी जारी रहा। सोमवार को आंदोलनकारियों ने सामूहिक मुण्डन कराया एवं नारेबाजी कर शासन-प्रशासन पर क्षेत्र की उपेक्षा करने का आरोप लगाया एवं नाराजगी जताई।

सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गजमोचन सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के सरपंच, पंच व ग्रामीण विद्युत विहीन डेढ़ दर्जन गांवों में विद्युत विस्तार की मांग लेकर 15 दिसम्बर से तहसील कार्यालय मैदान में अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहे हैं। विपरीत मौसम के बावजूद प्रदर्शनकारी प्रभावित गांवों में विद्युत विस्तार प्रारंभ होने के बाद ही आंदोलन समाप्त करने की जिद पर अड़े है। हालांकि आंदोलनकारियों से मिलने जब तक न तो कोई जनप्रतिनिधि पहुंचा है न ही कोई प्रशासनिक अधिकारी। ऐसी स्थिति में आंदोलनकारियों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ रही है तथा आंदोलनकारी प्रशासन व जनप्रतिनिधियों पर क्षेत्र की उपेक्षा करने का आरोप लगा रहे है। सोमवार को आंदोलनकारियों ने धरना स्थल पर सामूहिक मुंडन कराया तथा नारेबाजी कर क्षेत्र की उपेक्षा करने का आरोप लगा। ग्राम पंचायत करौटी ए के सरपंच गजमोचन सिंह ने बताया कि अब क्षेत्र की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा आंदोलन मांग पूरी होने तक अनवरत जारी रहेगी।



### किसानों ने दवनकरा समिति प्रबंधक पर लगाया बिना ऋण लिए वसूली करने का आरोप

**प्रतापपुर।** विकासखंड अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित दवनकरा एक बार फिर आरोपों के घेरे में है। ग्राम पंचायत मटिंगड़ा सहित आसपास के गांवों के किसानों ने समिति प्रबंधन पर बिना ऋण लिए भी कर्जदार बता कर जबरन अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है। किसानों कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि वे हर वर्ष समिति से केवल खाद लेते हैं, जिसकी राशि धान विक्रय के समय समायोजित कर ली जाती है। बावजूद इसके समिति द्वारा पिछला कर्ज बताकर दोहरी वसूली की जा रही है। किसानों का आरोप है कि रिकॉर्ड में मनमाने ढंग से कर्ज दर्शाकर दबाव बनाया जा रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है। किसानों का आरोप है कि समिति प्रबंधक संतोष नाविक के खिलाफ यह पहला मामला नहीं है। पूर्व में भी किसानों ने धोखाधड़ी की शिकायत एसडीएम से लेकर कलेक्टर तक कई बार की, यहां तक कि थाना स्तर पर एफआईआर भी दर्ज हुई, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। किसानों ने प्रशासन मामले की जांच करने तथा दोषी के विरूद्ध कार्रवाई की जाने की मांग की है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि छह दिवस के भीतर जांच व कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सोसायटी एवं धान खरीदी केंद्र के पास एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे।

## किसानों का नहीं कट पा रहा टोकन विधायक ने की सीएम से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

धान खरीदी केंद्र में किसानों को धान बिक्री में हो रही दिक्कतों को लेकर विधायक रामकुमार टोप्पो ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय चर्चा की है। बातचीत के दौरान विधायक ने धान खरीदी से पूर्व किसानों के ऊपर थोपी गई व्यवस्था से होने वाली दिक्कतों का बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने धान खरीदी में होने वाली दिक्कतों को पूरी गंभीरता से सुनने के बाद इसके निराकरण हेतु विधायक को आश्वस्त किया है।

विदित हो कि धान खरीदी वर्ष 2025-26 में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी से पूर्व कई नए नियम लागू किए गए थे। इस नियम के तहत किसानों को पंजीयन के साथ साथ एग्रोस्टेक एवं कैरी फॉरवर्ड जैसी औपचारिकताएं पूरी करनी थी इसे पूरा करने के बाद ही



किसान समिति में अपना धान बेच सकेंगे। अनिवार्य रूप से यह नियम लागू करने के बाद किसान ये सारी औपचारिकता पूरी करने में जुट गए लेकिन ये प्रक्रिया इतनी जटिल थी कि क्षेत्र के भोले भाले किसान इसमें उलझ कर रह गए। जिसकी वजह से क्षेत्र के हजारों किसानों ने सरकार पर धान खरीदी में अड़ंगा पैदा करने का आरोप लगा खुद को इससे किनारा कर लिया जिन्होंने इस प्रक्रिया को पूरा किया उन्हें भी धान बेचने में नाकों चने चबाने पड़ रहे है। दरअसल केंद्र एवं राज्य की सरकारों द्वारा जो सिस्टम लागू किया गया था उसमें किसानों का पंजीयन दिखा रहा है लेकिन वही किसान जब समिति में टोकन कटवाने जा रहा है तो वहां के सिस्टम में वो नजर नहीं आ रहा है जिसकी वजह से किसानों का टोकन नही कट पा रहा है और वो खरीदी केंद्र में अपना धान नही बेच पा रहे हैं। टोकन वाला ये मुद्दा विगत एक सप्ताह से क्षेत्र में गरमाया हुआ है और इसके विरोध में किसान एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इस मुद्दे को विधानसभा सत्र के दौरान विधायक रामकुमार टोप्पो ने जोर शोर से उठाया था। अब उन्होंने इस मुद्दे पर फोन पर सीधे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से बात की और उन्हें किसानों की परेशानियों से अवगत कराया।

इस संबंध में विधायक रामकुमार टोप्पो ने बताया कि इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री महोदय से सार्थक संवाद हुआ है। मुख्यमंत्री ने किसानों की इस समस्या के निराकरण करने का आश्वासन दिया है।

## मनरेगा का नाम बदलकर नए कानून लाने के विरोध में कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन

**सूरजपुर।** केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलकर नए कानून लाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय अग्रसेन चौक पर धरना प्रदर्शन किया। मनरेगा की हत्या बताते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि गरीबों के काम का अधिकार छिनने का कार्य केन्द्र सरकार कर रही है और सुधार के नाम पर योजना बंद करना चाह रही है। गरीब तबके के संवैधानिक अधिकार छिनने की साजिश और करोड़ो मजदूरों को योजना से बाहर करने का आरोप लगाया। मनरेगा के बदलावों को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस नेताओं व जनप्रतिनिधियों ने बताया कि लोकसभा में विधेयक पारित कर दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना को धीरे-धीरे खत्म करने का रास्ता साफ कर लिया है। बीते पांच वर्षों में मनरेगा के



100 दिन की गारंटी महज 50 से 55 दिन पर आकर टिक गई है। धरना प्रदर्शन को जिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि सिंह, इस्माईल खान, सुनील अग्रवाल, विमलेश दत्त तिवारी, अनिल गुप्ता, जगत आयाम, बिहारी कुलदीप, आनंद कुंवर, विमला सिंह, गोपाल शर्मा, गोवर्धन सिंह, संतोष पावले, अभिषेक शर्मा सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। धरना प्रदर्शन के दौरान कटघोरा के पास हुई हृदय विदारक घटना में सूरजपुर के एक ही परिवार से तीन के दुखद निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान संजय डोसी, हेमलता राजवाड़े, नवीन जायसवाल, प्रवेश गोयल, पवन साहू, संजीव श्रीवास्तव, जगत आयाम, दिनेश गुप्ता, परमेश्वर राजवाड़े, विक्की समद्दार, मासूम ईराकी, कमलेश राजवाड़े, अनूप गुप्ता, दिव्या तांजे, विकास सिंह, वेद प्रकाश मिश्रा, चंदुल कुशवाहा, तपन सिकदार, जमील सिद्दीकी, सुनील सारथी, समीर सिंह, शक्ति ठाकुर, शांतु डोसी, संजीत यादव, रहमान खान, संजीव सेट्ठी, चन्द्रदत्त दुबे, आशीष सिंह, राम कुमार देवांगन, अभय कुमार, भावना सिंह, मेदनी सिंह, राजू गुप्ता, बुधराम राजवाड़े, जरीना सुलताना, राजेश, भोले सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बिश्रामपुर स्टेशन पर अंबिकापुर-निजामुद्दीन साप्ताहिक एक्सप्रेस के स्टॉपेज की मांग ने पकड़ी रफ्तार

**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर–निजामुद्दीन साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन के बिश्रामपुर स्टेशन में ठहराव की मांग को लेकर रेल संघर्ष समिति ने चरणबद्ध आंदोलन चलाने का निर्णय लिया है,यह निर्णय रविवार शाम अग्रसेन भवन में आयोजित रेल संघर्ष समिति की बैठक में लिया गया, बैठक में श्रम कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुभाष गोयल, वरिष्ठ भाजपा नेता बनारसी जायसवाल, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष खजान चंद्र जिंदल,नरेंद्र जैन सहित भाजपा एवं कांग्रेस के अनेक नेता–कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

- बिश्रामपुर रेल संघर्ष समिति करेगी चरणबद्ध आंदोलन

सभी ने एक स्वर में बिश्रामपुर स्टेशन पर दिल्ली साप्ताहिक एक्सप्रेस के स्टॉपेज की मांग को जायज ठहराते हुए व्यापक जनसमर्थन जुटाने पर जोर दिया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता शफी अहमद ने कहा कि कोयलांचल क्षेत्र होने के कारण बिश्रामपुर एक बड़ा क्षेत्र है, जहां देश के लगभग सभी प्रांतों के लोग निवास करते हैं,जिन्हें किसी भी कार्य के सिलसिले में दिल्ली आना जाना लगा रहता है ,लेकिन ट्रेन के शुरू हुए तीन वर्ष से अधिक का समय हो गया बिश्रामपुर समेत आसपास की बड़ी आबादी को इस ट्रेन सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है,उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 43 से सटा होने के कारण बिश्रामपुर स्टेशन तक पहुंचना आसान है, जबकि आसपास के अन्य स्टेशन सड़क मार्ग से अंदर स्थित हैं, जहां आवागमन में कठिनाई होती है,इस दृष्टि से बिश्रामपुर स्टेशन में ट्रेन का ठहराव पूरी तरह उचित है। बैठक को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुभाष गोयल सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि रेल संघर्ष समिति सरगुजा सांसद से मुलाकात कर अपनी मांग रखेगी। साथ ही रेलवे के डीआरएम एवं जीएम से मिलकर ज्ञापन सौंपा जाएगा, समिति ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने की स्थिति में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों का घेराव, धरना–प्रदर्शन, भूख हड़ताल, ट्रेनों को काला झंडा दिखा प्रदर्शन, कलेक्टर को ज्ञापन सौंपना तथा आवश्यकता पड़ने पर सड़क जाम जैसे आंदोलनात्मक कदम शामिल होंगे,बैठक में यह भी तय किया गया कि आगामी 27 दिसंबर को बस स्टैंड में एक सार्वजनिक बैठक आयोजित कर आम नागरिकों को आंदोलन से जोड़ा जाएगा।



## घने कोहरे की गिरफ्त में नगरीय क्षेत्र, दोपहर में धूप से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयलांचल बिश्रामपुर समेत आसपास इलाकों में बीते 3-4 दिनों से सुबह का नजारा किसी पहाड़ी पर्यटन स्थल जैसा नजर आ रहा है,सुबह के समय चारों तरफ़ पसरा घना कोहरा पूरे क्षेत्र को अपनी गिरफ्त में ले चुका है,सुबह तड़के कोहरे की मोटी परत ने न केवल दृश्यता को बेहद कम कर दिया है, बल्कि आम जनजीवन की रफ्तार भी थाम दी है,सुबह-सुबह काम पर निकलने वाले लोग कोहरे के बीच रास्ता तलाशते हुए नजर आ रहे हैं,कई स्थानों पर कुछ मीटर आगे तक देख पाना भी मुश्किल हो रहा है,सड़कों पर



वाहन हेडलाइट जलाकर चलते दिखाई दे रहे हैं,इसमें दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है,वहीं भारी वाहनों की आवाजाही भी धीमी हो गई है,हालांकि स्कूलों में अभी शीतकालीन अवकाश होने से बच्चों को बड़ी राहत मिली है।दफ्तरों और खदानों में काम करने वाले कई कर्मचारी तय समय से देर से पहुंच रहे है,बसें और अन्य यात्री वाहन निर्धारित समय से देरी से पहुंच रहे हैं, जिससे यात्रियों को बस स्टैंड में परेशानी उठानी पड़ रही है। मौसम में आए इस बदलाव के साथ ही ठंड ने भी अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है,शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों, बस स्टैंड और रिहायशी इलाकों में जगह-जगह अलाव जलते नजर आ रहे हैं। इस मौसम का सबसे ज्यादा असर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों पर देखा जा रहा है। ठंड के कारण सर्दी, खांसी और वायरल जैसी समस्याओं में इजाफा होने लगा है।

**सूचना**

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है, कि मेसर्स सारडा एनर्जी एण्ड मिनरल्स लिमिटेड, के ग्राम – करवाही, खमरिया, सराईटोला, बजरमुड़ा एवं ढोलनारा, तहसील– तमनार, जिला- रायगढ़ (छ.ग.) में स्थित करवाही ओपन कास्ट कोल माईन (सब ब्लॉक : गारे पल्मा IV/7 कोल माईन) के वर्तमान कोल उत्पादन 1.68 मिलियन टन प्रतिवर्ष से 1.80 मिलियन टन प्रतिवर्ष तक क्षमता में विस्तार - तृतीय चरणः 40% से 50% तक (खनन पट्टे के क्षेत्र 277.100 हेक्टेयर में कोई परिवर्तन किए बिना) के लिए स्थापना / संचालन हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति (**Environmental Clearance**), राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़, भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय फाइल क्रमांक OL/EC/MIN/RAIGARH/4462 दिनांक 20.12.2025 द्वारा प्राप्त हुई है, उक्त स्वीकृति पत्र की प्रति छत्तीसगढ़ प्रदेश के पर्यावरण संरक्षण मण्डल के कार्यालय, नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर में तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की वेबसाइट **https://parivesh.nic.in** पर भी उपलब्ध है।

**सारडा एनर्जी एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**
ग्राम - करवाही, खमरिया, सराईटोला, बजरमुड़ा एवं ढोलनारा
तहसील - तमनार, जिला- रायगढ़ (छ.ग.) फ़ोन : 07762-299170

**न्यायालय नायब तहसीलदार घरघोड़ा, जिला रायगढ़ (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202511041000079/36/अ-21/2025-26, ग्राम-भेण्डरा प.ह.नं.-17

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र सिंह चौधरी पिता गोदू सिंह जाति जाट निवासी ग्राम घरघोड़ा व तहसील द्वारा कलेक्टर महोदय रायगढ़ को आवेदन पेश किया गया कि ग्राम भेण्डरा प.ह.नं. 17 तहसील घरघोड़ा स्थित भूमि खसरा नंबर 9/26 रकबा 0.273 हे. भूमि को अपनी पुत्री के ईलाज एवं पुत्र के शिक्षा के लिए लिये गये ऋण को चुकाने हेतु विक्रय किये जाने हेतु अनुमति प्रदाय किये जाने का निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) घरघोड़ा के माध्यम से जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जिसकी सुनवाई दिनांक 05/01/2026 को नियत किया गया है।

उक्त के संबंध में हित रखने वाले सभी हितबद्ध पक्षकार को सूचित किया जाता है कि वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 05/01/2026 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार, घरघोड़ा**

## खबर संक्षेप

### लैलूंगा में हुआ विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

**रायगढ़।** लैलूंगा विधानसभा के विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर, सांसद द्वय देवेंद्र प्रताप सिंह, राधेश्याम राठिया लैलूंगा विधानसभा प्रभारी, शम्भूनाथ चक्रवती ऊर्जावान जिला अध्यक्ष अरुण धर दीवान, वरिष्ठ नेता सतीश बेहरा जिला महामंत्री जतिन साव जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक कुमार सिदार वरिष्ठ नेता ललित यादव, जिला मंत्री द्वय स्नेहलता सिदार, रीना भगत सहित सभी मण्डल के अध्यक्ष महामंत्री, जिला पंचायत के सभी सदस्य, जनपद एवम नगर पंचायत के सभी अध्यक्ष उपाध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष सभी बीएलए 2 एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओ की मौजूदगी रही।

### धान खरीदी में लापरवाही पर पटवारी निलंबित

**रायगढ़।** राज्य शासन की प्राथमिकता वाली धान खरीदी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में लापरवाही बरतना ग्राम कमरगा के हल्का पटवारी को भारी पड़ गया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर लैलूंगा एसडीएम द्वारा ग्राम कमरगा के हल्का पटवारी जितेन्द्र भगत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें तहसील मुख्यालय लैलूंगा में संलग्न किया गया है तथा इस अवधि में उन्हें मूलभूत नियम 53 के अंतर्गत नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 15 नवम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक समितियों एवं उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से पंजीकृत किसानों से धान खरीदी की जा रही है। इसके लिए सभी संबंधित पटवारियों एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को किसानों के धान उत्पादन का भौतिक सत्यापन करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में 22 दिसम्बर 2025 को ग्राम कमरगा के हल्का पटवारी जितेन्द्र भगत से धान सत्यापन के संबंध में जानकारी मांगी गई, परंतु वे संतोषजनक जानकारी प्रस्तुत नहीं कर सके। उनके द्वारा मात्र तीन किसानों के पंचनामा प्रस्तुत किए गए, जिनमें केवल किसानों का नाम और हस्ताक्षर अंकित थे, जबकि आवश्यक विवरण एवं सत्यापन से संबंधित कोई जानकारी दर्ज नहीं थी। अतिरिक्त जानकारी पूछे जाने पर भी उनके द्वारा किसी प्रकार का संतोषप्रद उत्तर नहीं दिया गया। प्रकरण की जांच में यह स्पष्ट हुआ कि संबंधित पटवारी द्वारा शासन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के पालन में गंभीर लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई है, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम, 1966 के नियम 03 के विपरीत होकर कदाचार की श्रेणी में आता है। परिणामस्वरूप श्री जितेन्द्र भगत को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनके हल्के का प्रभार केशव प्रसाद पैकरा को सौंपा गया है।

### क्रिश्चन एसोसिएशन ने निकाली शोभायात्रा

**बीरमित्रपुर।** क्रिसमस के पावन अवसर पर आल क्रिश्चन एसोसिएशन की ओर से बीरमित्रपुर में एक विशाल एवं भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभा यात्रा आरसी चर्च से प्रारंभ होकर बिरसा मुंडा बस स्टैंड, चाइना टाउन सहित प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः चर्च परिसर में संपन्न हुई। शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं नागरिक शामिल हुए, जो नाचते गाते और भक्ति गीतों के साथ उत्सव का आनंद लेते नजर आए। जुलूस में सांता क्लॉज विशेष आकर्षण का केंद्र रहेए जिन्हें देखने के लिए बच्चों में खास उत्साह देखा गया। शोभा यात्रा में आकर्षक झांकियां भी शामिल थीं, जो क्रिसमस के संदेश प्रेम, शांति और भाईचारे को दर्शा रही थीं। इस अवसर पर आल क्रिश्चन एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय मुंडू, सचिव विजय लुगुन, कोषाध्यक्ष अमोल बारीक, धीरज टोपनो, अमर लुगुन, एसके सामंत राय, थॉमस आईनंद, एसपी टोपनो, रोशन बैग, जस्टिन बड़ा, नामजन सुरीन, तुषार टोपनो, बेंजामिन बुड, संदीप बारला, आलोक टोपनो तथा वाइस चेयरमैन निवेदिता बागे सहित संस्था के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। शोभा यात्रा शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिससे पूरे क्षेत्र में क्रिसमस का उल्लास छा गया।

## विकास कार्यों के लिए धन की नहीं होगी कमी : चौधरी

# रायगढ़ को विकसित करने करेंगे हरसंभव प्रयासः नेताम






हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के प्रभारी मंत्री एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को साकार करने की दिशा में रायगढ़ जिला भी तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। राज्य सरकार श्सर्वजन हिताएए सर्वजन सुखाय की भावना के अनुरूप योजनाबद्ध एवं सतत विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। रायगढ़ अपनी समृद्ध कला संस्कृति और कत्थक घराने के लिए राष्ट्रीय पहचान रखता है। रायगढ़ महानगर के स्वरूप की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

जिले के प्रभारी मंत्री एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने राष्ट्रीय किसान दिवस एवं छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर आज नगर निगम ऑडिटोरियम रायगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम क्षेत्र के विकास के लिए 6 करोड़ 59 लाख रुपए की लागत से 96 विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया। इसके साथ ही धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम चिकलापानी कुम्हीचुंआ तथा ग्राम बिरहोरपारा रूवांफूल में आदिम जाति विकास विभाग अंतर्गत 1 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से निर्मित बहुउद्देशीय केंद्र भवनों का लोकार्पण भी किया गया। इन बहुउद्देशीय केंद्रों के निर्माण से ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों के संचालन के लिए स्थायी एवं सुदृढ़ अधोसंरचना उपलब्ध होगी, जिससे स्थानीय नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि शहर में सौंदर्यीकरण, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, खेल, सड़क, पुल, गार्डन, ऑक्सीजोन, स्टाफ डेम जैसी बुनियादी सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगर निगम रायगढ़ को महानगर की तर्ज पर विकसित करने हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज 96 विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया है। जिसके पूर्ण होने के पश्चात रायगढ़ का स्वरूप और अधिक आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं नागरिक.अनुकूल दिखाई देगा।

### कृषि विविधीकरण और जल संरक्षण पर विशेष जोर

प्रभारी मंत्री ने किसानों से उन्नत एवं विविध कृषि अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि केवल धान पर निर्भरता से जल संसाधनों पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। मक्का, सरसों, मसूर सहित अन्य वैकल्पिक फसलों एवं मिश्रित खेती से आय में वृद्धि संभव है। जल संरक्षण एवं जल संवर्धन आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में मोदी की गारंटी के तहत 18 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को प्रतिमाह आर्थिक सहायता तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपए की सहायता प्रदान की जा रही है।

### जिले को विकास की ऊंचाइयों पर ले जाना प्राथमिकता

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि रायगढ़ को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। विकास कार्यों के लिए राशि की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। नालंदा परिसर, ऑक्सीजोन, गार्डन, रिंग रोड, पुल पुलिया, खेल एवं शिक्षा सुविधाओं के विस्तार से रायगढ़ को आधुनिक शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। रायगढ़ में स्थापित नव गुरुकुल संस्थान के माध्यम से बेटियों को निःशुल्क प्रशिक्षण, आवास, भोजन तथा रोजगार की गारंटी प्रदान की जा रही है। जिले में आयोजित करियर मार्गदर्शन कार्यक्रमों से हजारों युवाओं को सही दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल बनाने के उद्देश्य से शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, आधुनिक संसाधनों एवं आधारभूत संरचनाओं को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। रायगढ़ को शिक्षा और अवसरों के केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

### हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा विभिन्न विभागीय योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत 17 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा पत्र, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत 4 हितग्राहियों को ट्राइसाइकिल एवं 1 हितग्राही को श्रवण यंत्र, नमस्ते इंडिया योजना अंतर्गत 5 हितग्राहियों को सेफ्टी किट, खाद्य विभाग अंतर्गत 3 हितग्राहियों को प्राथमिकता राशन कार्ड, महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत 4 महिलाओं को सुपोषण सामग्री, पोस्ट मैट्रिक अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास के 5 मेधावी छात्रों को टैबलेट, मत्स्य पालन विभाग अंतर्गत 2 हितग्राहियों को जाल वितरण, राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र बिरहोर जनजाति के 5 हितग्राहियों को पीएम जनमन योजना अंतर्गत आवास की चाबियाँ, पशुधन विकास विभाग अंतर्गत 5 हितग्राहियों को सुकर पालन एवं बकरा पालन हेतु अनुदान राशि और अन्य हितग्राहियों को विभागीय योजना अंतर्गत सामग्री वितरण किया गया।

### धरमजयगढ़ में सांसद क्षेत्र स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 25 को

**रायगढ़।** राज्य शासन के मंशानुरूप एवं जिला प्रशासन के निर्देश पर सांसद क्षेत्र स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन आगामी 25 दिसंबर को रायगढ़ जिले के दशहरा मैदान धरमजयगढ़ में किया जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल भावनाए अनुशासन, शारीरिक दक्षता एवं प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को विकसित करना है। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस खेल महोत्सव में जिला रायगढ़, जशपुर एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ से कुल 350 से 400 प्रतिभागी, अधिकारी एवं निर्णायक भाग लेंगे। प्रतियोगिता के अंतर्गत व्यक्तिगत एवं दलीय दोनों श्रेणियों के खेल आयोजित किए जाएंगे। व्यक्तिगत खेलों में 100 मीटर दौड़, लंबीकूद, 800 मीटर दौड़, बैडमिंटन, फुगड़ी एवं गेड़ी दौड़ शामिल हैं, जबकि दलीय खेलों के अंतर्गत वॉलीबॉल, कबड्डी, खो खो एवं रस्साकसी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। व्यक्तिगत खेल प्रतियोगिताएं दो आयु वर्ग.15 से 20 वर्ष तथा 21 से 35 वर्ष के खिलाड़ियों के मध्य संपन्न होंगी, वहीं दलीय खेलों में 15 से 35 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग लेंगे। आयोजन की तैयारियों के संबंध में बताया गया कि सभी खिलाड़ियों, अधिकारियों एवं निर्णायकों को आयोजन के एक दिवस पहले 24 दिसंबर 2025 को सायं 5 बजे तक आयोजन स्थल धरमजयगढ़ में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही प्रतिभागियों को मौसम को ध्यान में रखते हुए आवश्यक गर्म कपड़े एवं खेल किट साथ लाने के लिए कहा गया है।

## किसानों की सुविधाओं और मंडी अधोसंरचना को मिलेगा नया

**रायगढ़।** राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर रायगढ़ जिले में कृषि एवं मंडी अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। जिले के प्रभारी मंत्री एवं राज्य शासन के केबिनेट कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने आज कृषि उपज मंडी समिति पटेलपाली रायगढ़ में 6.15 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत पूजा अर्चना के साथ भूमिपूजन किया। इस अवसर पर प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के कल्याण और कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में जनादेश परब का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विकास कार्यों को जनता के सामने प्रस्तुत किया जा रहा है।




### इन कार्यों का हुआ शिलान्यास

कृषि उपज मंडी समिति रायगढ़ क्षेत्रांतर्गत रायगढ़ एवं खरसिया विधानसभा क्षेत्रों में कुल 615.68 लाख रुपए की लागत से विभिन्न निर्माण कार्य प्रस्तावित हैं, जिनमें प्राथमिक सेवा सहकारी समिति कोड़ातराई अंतर्गत ग्राम बेलपाली में 200 मीट्रिक टन क्षमता के 02 गोदामों का निर्माण, नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर के धान उपार्जन केन्द्र कोकड़ीतराई में अधोसंरचनात्मक कार्य, नगर पंचायत पुसौर के धान उपार्जन केन्द्र वार्ड क्रमांक.03, छिंच रोड के पास विकास कार्यए खरसिया क्षेत्र अंतर्गत नवीन मंडी प्रांगण पटेलपाली से नहर तक तथा मंडी बायपास मार्ग का कांक्रीटीकरण सड़क निर्माण, फल सब्जी मंडी प्रांगण पटेलपाली में अतिरिक्त निर्माण कार्य शामिल हैं।

### रायगढ़ को नई पहचान मिल रही : वित्त मंत्री ओपी

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि प्रदेश में सरकार के गठन के बाद से रायगढ़ जिले में अभूतपूर्व विकास कार्य किए जा रहे हैं। मंडी क्षेत्र में हुए विकास को किसान और व्यापारी प्रत्यक्ष रूप से महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री के नेतृत्व में मंडियों का विकास किसानों के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि मजबूत कृषि अधोसंरचना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी और किसान सशक्त होंगे। उन्होंने राष्ट्रीय किसान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए जय जवान जय किसान का नारा दिया।

## एनटीपीसी में बालिका सशक्तिकरण अभियान की शीतकालीन कार्यशाला का शुभारंभ




**रायगढ़।** जीईएम विंटर फॉलो-अप वर्कशॉप आज एनटीपीसी लारा में ऑर्गनाइज़ की गई थी। इसका मकसद जीईएम समर वर्कशॉप में पहले से ट्रेनिंग ले चुके पार्टिसिपेंट्स की स्किल्स को मज़बूत करना और उन्हें आगे बढ़ाना था। ओपनिंग सेरेमनी में प्रेरणा महिला समिति की सीनियर मेंबर्स की शानदार मौजूदगी रही, जिनके हौसले और गाइडेंस ने इस मौके को और भी खास बना दिया।

जीईएम विंटर फॉलो-अप वर्कशॉप को सोच-समझकर एक कंटिन्यूएशन और रीइन्फोर्समेंट प्लेटफॉर्म के तौर पर डिज़ाइन किया गया है ताकि जीईएम पार्टिसिपेंट्स को मज़बूत बनाया जा सके, जिससे लगातार सीखने, पर्सनल ग्रोथ और होलिस्टिक डेवलपमेंट पक्का हो सके। यह वर्कशॉप पार्टिसिपेंट्स में कॉन्फिडेंस, क्रिएटिविटी, डिसिप्लिन और एकेडमिक ओरिएंटेशन को बढ़ावा देकर ट्रेनिंग को लॉन्ग-टर्म असर में बदलने पर फोकस करती है। वर्कशॉप के दौरान कई तरह की दिलचस्प और डेवलपमेंट पर फोकस करने वाली एक्टिविटीज़ होंगी, जिनमें आर्ट एंड क्राफ्ट डांस, योग और एकेडमिक सेशन शामिल हैं। इन एक्टिविटीज़ का मकसद फिजिकल वेल-बीइंग, क्रिएटिव एक्सप्रेशन, मेंटल फोकस और सीखने की एबिलिटीज़ को बढ़ाना है, साथ ही टीमवर्क और सेल्फ-एक्सप्रेशन को भी बढ़ावा देना है। एनटीपीसी लारा में जीईएम विंटर फॉलो-अप वर्कशॉप सस्टेनेबल एम्पावरमेंट की दिशा में एक अहम कदम है, जो इस बात को मज़बूत करता है कि सच्चा विकास एक लगातार चलने वाला सफ़र है। इस पहल के ज़रिए, एनटीपीसी लारा युवा दिमागों को प्रेरित करना जारी रखता है, उन्हें कॉन्फिडेंट, स्किल्ड और ज़िम्मेदार इंसान बनने में मदद करता है जो एक बेहतर भविष्य बनाने के लिए तैयार हों।

## अवैध उत्खनन पर खनिज विभाग की कड़ी कार्रवाई

**रायगढ़।** जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा सख्त रुख अपनाते हुए प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। ग्रामवासियों से खनिज पत्थर के अवैध उत्खनन की शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार खनिज विभाग की टीम द्वारा तहसील लैलूंगा अंतर्गत ग्राम जामबहार में 9 दिसंबर 2025 को ग्रामीणों की उपस्थिति में मौके पर जांच की गई। मौका जांच के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि खनिज पत्थर का अवैध उत्खनन विंकल मित्तल, निवासी लैलूंगा द्वारा किया गया है। जांच के समय संबंधित व्यक्ति द्वारा भी अवैध उत्खनन किए जाने की बात स्वीकार की गई, जिसके आधार पर खनिज विभाग द्वारा तत्काल नियमानुसार कार्रवाई की गई। खनिज विभाग द्वारा उक्त प्रकरण में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज विकास और विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत खनिज पत्थर के अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया गया। साथ ही अधिनियम की धारा 21(5) एवं 23क के अंतर्गत अवैध उत्खननकर्ता पर 8,93,640 रुपए की शास्ति अधिरोपित करते हुए राशि खनिज मद में जमा कराई गई। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध खनिज अमले द्वारा निरंतर एवं कड़ी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए है।

## डिवाइन लाइफ स्कूल झलमला में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले अग्रणी शैक्षणिक संस्थान डिवाईन लाईफ हायर सेकंडरी स्कूल झलमला में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का विगत दिवस आयोजित किया गया। जिसमें कार्य क्रम का शुभारंभ सर्व प्रथम मां शारदा की पुजा अर्चना कर व गणेश वंदना कर कर कार्य क्रम का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में संजीवनी अस्पताल के संचालक पुरोषोतम अग्रवाल रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में छात्रों प्रेरित कर उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिए और उन्होंने शिक्षा के महत्त्व पर जोर देते हुए कहा यह समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कडी मेहनत और समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। कहा कि शिक्षा वह शक्ति जो हमें अपने सपने को पुरा करने में मदद करती है और समाज में बदलाव लाने में सक्षम बनाती है विद्यालय के विद्यार्थियों ने विविध वेष भुषा अलग अलग गतिविधियों में मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुति दिए सांस्कृतिक कार्यक्रम के गतिविधियों में नृत्य



संगीत ड्रामा योगा जुगलबंदी डांस जैसे कार्यक्रमों से अभिभावको का तालियों का गड़गड़ाहट बजती रही। इस कार्यक्रम की सफल आयोजन में विद्यालय के संचालक पीसी पटेल प्रिंसिपल पूर्णिमा देवांगन कविता बलवीर कौर सुनेगा अनु अर्पिता अनुराधा वसुंधरा कुसुम रंजु चन्द्रकला तृप्ति नंदनी जिज्ञासा यशोदा हेमलता ममता पुष्पा संध्या रानी निधि हर्षद पांडे जुगेशवरी निमाई नेगी गुप्ता सर वही मंच के सफल संचालन सुनेगा कटियार और पल्लवी ने किया व प्रेमलता के द्वारा अतिथियों को आभार प्रकट कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने अटल रॉक गार्डन का किया अवलोकन

## विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा




जिला प्रशासन रायगढ़ एवं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. केवी राव एडीएमसी आलोक स्वर्णकार के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत सेकेंडरी स्तर का शैक्षणिक भ्रमण अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शैक्षणिक भ्रमण का नेतृत्व राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के नोडल अधिकारी एपीसी अभय कुमार पांडे द्वारा किया गया।

इस शैक्षणिक भ्रमण में जिले के विभिन्न विकास खंडों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विद्यार्थी दल प्रातः सुबह 8 बजे नटवर स्कूल से रवाना हुआ। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने खरसिया स्थित अटल रॉक गार्डन का अवलोकन किया, जहाँ उन्हें पृथ्वी की संरचनाए विभिन्न प्रकार की चट्टानों, भूगर्भीय इतिहास एवं प्राकृतिक संसाधनों के वैज्ञानिक महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। यह स्थल विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच एवं अनुसंधान की भावना विकसित करने में सहायक सिद्ध हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने बिलासपुर जिले के कोटमी सुनार में स्थित मगरमच्छ पार्क का भ्रमण किया। यहाँ विद्यार्थियों को मगरमच्छों की विभिन्न प्रजातियों, उनके जीवन.चक्र, प्राकृतिक आवास, संरक्षण की आवश्यकता एवं जैव विविधता में उनकी भूमिका के विषय में रोचक एवं ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की गई, जिससे विद्यार्थियों में वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी।

भ्रमण के अगले चरण में विद्यार्थियों ने बिलासपुर स्थित ऊर्जा पार्क का भ्रमण किया, जहाँ अक्षय ऊर्जा सौर ऊर्जा तथा ऊर्जा संरक्षण के व्यावहारिक प्रयोगों से अवगत कराया गया। इसके उपरांत कानन पेंडारी चिड़ियाघर में विद्यार्थियों ने विभिन्न वन्य प्राणियों के संरक्षणए पारिस्थितिकी संतुलन एवं जैव विविधता की महत्ता को प्रत्यक्ष रूप से समझा। शैक्षणिक भ्रमण के अंतिम चरण में विद्यार्थियों ने तारामंडल का भ्रमण किया, जहाँ खगोल विज्ञान, ग्रह.नक्षत्रों, ब्रह्मांड की संरचना एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। तारामंडल भ्रमण ने विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति उत्साह और नवाचार की सोच को और अधिक सुदृढ़ किया।

### जांजगीर-बलौदा मार्ग पर भारी वाहन चलने से उड़ रही धूल

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर से जांजगीर बलौदा मार्ग में दिनभर धूल एवं जर्जर सड़क के चलते लोगों का आवागमन करना बड़ा मुश्किल हो रहा है इस मार्ग से होकर लोग बलौदा एवं बिलासपुर सहित कोरबा की ओर आना-जाना करते हैं वही मार्ग में दिनभर धूल उड़ने के कारण लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है खासकर ग्राम पंचायत जावलपुर, सिवनी, जर्वे एवं अन्य गांव में सड़क की स्थिति बहुत खराब हो चुकी है। इस समस्या को लेकर बलौदा क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा करीब 3 महीने पहले कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों को सड़क मरम्मत करने के साथ भारी वाहन के मार्ग में चलने पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन भी सोपे जा चुका है लेकिन इसके बाद भी स्थिति जस की तरह बनी हुई है।



### सरसीवां में विराट हिन्दू सम्मेलन का किया गया आयोजन

**सरसीवा।** सरसीवां मंडल में सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति के दिव्य तेज को जन जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन धर्म, ज्ञान, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना के संरक्षण एवं संवर्धन का एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुजन सपरिवार एवं इष्ट मित्रों सहित सहभागिता करेंगे। उल्लेखनीय है कि यह सम्मेलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर शताब्दी वर्ष में होने वाले कार्यक्रम में से एक कार्यक्रम है। उक्त कार्यक्रम के संदर्भ में विस्तृत जानकारी देते हुए आयोजकों ने बताया गया कि यह विराट सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सनातन परंपराओं के पुनर्जागरण, भारतीय मूल्यों की पुनर्स्थापना और सांस्कृतिक आत्मबोध को सशक्त करने का एक पावन अभियान है। सम्मेलन के माध्यम से समाज में धर्मनिष्ठा, नैतिकता, सामाजिक समरसता और संस्कारों के उज्ज्वल दीप को प्रज्वलित करने का संकल्प लिया गया है। इस अवसर पर मुख्यवक्ता के रूप में सुनील कुलकर्णी अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख, उपस्थित रहेंगे, जो सनातन धर्म की वर्तमान प्रासंगिकता, राष्ट्र निर्माण में सांस्कृतिक चेतना की भूमिका एवं सामाजिक एकता पर अपने विचार रखेंगे। वहीं विशिष्ट संत वक्ता के रूप में महंत राम कुमार दास महाराज, पथिक आश्रम पिपरडुला, अपने ओजस्वी प्रवचनों के माध्यम से धर्म, भक्ति और सदाचार का मार्गदर्शन करेंगे।